निगम आयुक्त ने मुख्य नाला निर्माण एवं सीमेंटीकरण कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता के साथ कार्य में गति लाने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से आयुक्त ने निर्माणाधीन मुख्य नाला एवं सीमेंटीकरण कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 1 मॉडल टाउन पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मुख्य नाला निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नाले का चौड़ीकरण एवं गहरीकरण कराया जा रहा है। जनमानस और जीव–जंतुओं की सुरक्षा हेतु नाले के दोनों किनारों पर सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल) का निर्माण किया जा रहा है। कोहका सड़क क्रमांक 2 एवं 3 में 98.00 लाख रुपये की लागत से हो रहे सीमेंटीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण के साथ ही गंदे पानी की सुचारू निकासी हेतु सड़क किनारे नालियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों को समय–सीमा के भीतर पूर्ण करें ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।